NORTH CAROLINA राज्य
समीक्षा बोर्ड

संबंध में: उच्च प्राधिकरण निर्णय संख्या.

ध्यानार्थ:

वादी नियोक्ता

N.C.Gen.Stat. §96-15(e) के अनुपालन में, यह वाद अपील डॉकेट संख्या.... के तहत 04 N.C. Admin. Code 24C .0209(b) के अनुपालन में बर्खास्तगी के एक आदेश से उत्पन्न (दावेदार) (नियोक्ता) की याचिका पर विचार करने के लिए समीक्षा बोर्ड ("बोर्ड") के समक्ष आया था। जब (दावेदार) (नियोक्ता), याचिका दायर करने वाले पक्षकार के रूप में, डाकेट संख्या .......... के तहत न्यायाधीश द्वारा निर्धारण में अपनी अपील की पैरवी के लिए दिनांक ......... 20... को अनुसूचित सुनवाई में उपस्थित होने में विफल रहा, अपील रेफ़री ने वाद को खारिज कर दिया। (दावेदार) (नियोक्ता) ने उपरोक्त आदेश को स्थगित करने के लिए बोर्ड से निवेदन किया है और पुन: सुनवाई और निर्णय के लिए वाद को प्रतिप्रेषित किया है।

बोर्ड ने समीक्षा के लिए अग्रेषित किए गए अभिलेख की सांगोपांग जांच की है। बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला है कि अपील रेफ़री का खारिज करने का आदेश अभिलेख द्वारा समर्थित है। इसके अलावा, बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला है कि (दावेदार) (नियोक्ता) 04 N.C. Admin. Code 24A .0105(26) में परिभाषित रूप में सुनवाई में उपस्थित होने या 04 N.C. Admin. Code 24C .0207 के अनुसार सुनवाई की तारीख और / या समय में बदलाव का अनुरोध करने के लिए अपील रेफरी से संपर्क करने में विफलता का एक उपयुक्त कारण दर्शाने में विफल रहा है। उचित कारण को यथोचित कदम के अनुपालन में कानून द्वारा आवश्यक कार्य करने में विफल रहने के लिए एक कानूनी कारण की पर्याप्तता की हद तक कानूनी रूप से पर्याप्त कारण होना चाहिए। "यथोचित कदम" का अर्थ है विशेष परिस्थितियों में एक उचित और विवेकपूर्ण व्यक्ति से अपेक्षित और उसके द्वारा उपयोग किए गए सावधानी, एहतियात, सतर्कता, और उचित निर्णय के उपाय। 04 N.C. Admin. Code 24A .0105(21). (दावेदार) (नियोक्ता) सुनवाई में उपस्थित होने, या सुनवाई की सूचना जिसे प्रत्येक पक्षकार को प्रेषित किया गया था, में सूचित की गई सुनवाई की तारीख और / या समय में बदलाव का अनुरोध करने के लिए अपील रेफ़री से संपर्क करने में अपनी विफलता का समुचित कारण नहीं दर्शाया है। तदनुसार, (दावेदार) (नियोक्ता) के पुनः सुनवाई के प्रस्ताव को अस्वीकृत किया जाना चाहिए।

पुन: सुनवाई करने के लिए )दावेदार( )नियोक्ता( का प्रस्ताव **अस्वीकृत** किया जाता है।

अपील रेफ़री का खारिज करने का आदेश **विधिसम्मत** है।

समीक्षा बोडर के सदसयों Susan Doeऔर John Doe ने इस अपील में भाग लिया और इस निणरय से सहमत हैं।

यह.

समीक्षा बोर्ड

अध्यक्ष

**नोट**: यदि उच्तर न्यायालय में**,** जैसा नीचे बताया गया है**,** उसके अनुरूप न्यायिक समीक्षा के लिए एक याचिका दायर नहीं की जाती है**,** यह उच्च प्राधिकरण निर्णय प्रेषित होने के तीस (**30)** दिन के बाद अंतिम हो जाएगा। प्रेषण की तारीख इस निर्णय के आखिरी पृष्ठ पर देखी जा सकती है। यद्यपि बोर्ड कानूनी सलाह प्रदान नहीं करता है, कृपया एक उच्तर प्राधिकरण निर्णय के लिए अपील करने पर अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए संलग्न पुस्तिका देखें। यह पुस्तिका पूरे राज्य भर में स्थित सार्वजनिक रोजगार कार्यालयों और रोजगार सुरक्षा अनुभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आप पर रोजगार सुरक्षा अनुभाग की वेबसाइट www.des.nc.gov पर *अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न* अनुभाग को भी देख सकते हैं और अपनी पसंद के एक वकील से परामर्श भी कर सकते हैं।

न्यायिक समीक्षा के लिए अपील का अधिकार

इस उच्च प्राधिकरण निर्णय की अपील, याचिकाकर्ता द्वारा उस काउंटी में स्थित उच्चतर न्यायालय के लिपिक के पास दर्ज किया जाना चाहिए जिसमें वह रहता है, या जिसमें याचिकाकर्ता का अपना प्रमुख व्यवसाय स्थित होता है। यदि एक पक्षकार का निवास स्थान या उसके व्यवसाय का प्रमुख स्थान **north carolina** के किसी भी काउंटी में स्थित नहीं है, तो अपील वेक काउंटी, **north carolina** में स्थित उच्चतर न्यायालय के लिपिक के पास *या* **north carolina** काउंटी के उस उच्चतर न्यायालय के लिपिक के पास दायर किया जाना चाहिए जिसमें विवाद उत्पन्न हुआ था।

यदि उच्तर न्यायालय में, N.C. Gen. Stat. §§ 96-15(h) और (i) के अनुरूप न्यायिक समीक्षा के लिए एक याचिका दायर नहीं की जाती है, यह उच्च प्राधिकरण निर्णय प्रेषित होने के तीस (30) दिन के बाद अंतिम हो जाएगा।

उच्चतर न्यायालय के लिपिक के पास दायर न्यायिक समीक्षा के लिए किसी भी याचिका की प्रतियां कार्यवाही के लिए याचिका दायर करने के दस (10) दिनों के भीतर रोजगार सुरक्षा विभाग ("डिवीजन") और अभिलेख में दर्ज सभी पक्षकारों को तामील कराई जानी चाहिए। याचिका की प्रतियां या तो व्यक्तिगत रूप से या प्राप्ति की स्वीकृति वापस भेजने के अनुरोध के साथ पंजीकृत डाक द्वारा, तामील कराई जानी चाहिए। उच्चतर न्यायालय की समीक्षा के लिए याचिकाओं को प्रभाग की प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित पंजीकृत एजेंट को तामील और संबोधित किया जाना चाहिए:

A. John Q Lawyer
मुख्य परामर्शदाता
North Carolina वाणिज्य विभाग
रोजगार सुरक्षा विभाग
**डाक पता**: Post Office Box 25903, Raleigh, NC 27611-5903
**भौतिक पता**: 700 Wade Avenue, Raleigh, NC 27605-1154

महत्वपूर्ण – निम्नलिखित पृष्ठ देखें

**नोट**: यदि आप को एक अन्य पक्षकार द्वारा न्यायिक समीक्षा के लिए एक याचिका तामील की जाती है, आप न्यायिक समीक्षा की कार्यवाही में तबतक एक पक्षकार नहीं होंगे जब तक कि आप: (1) जिस सुनवाई में आप एक पक्षकार बनना चाहते हैं आपको उसकी याचिका प्राप्त होने के दस (10) दिनों के भीतर उच्चतर न्यायालय को सूचित नहीं करते हैं या (2) N.C. Gen. Stat. § 1A-1, Rule 24 में निर्धारित प्रारूप में हस्तक्षेप के लिए एक प्रस्ताव दायर नहीं करते हैं।

<u>सभी हितबद्ध पक्षकारों के लिए सूचना</u>

एक कानूनी प्रतिनिधि जैसा कि 04 N.C. Admin. Code 24A .0105(32) में परिभाषित किया गया है (एक तीसरे पक्ष की कंपनी के नियोक्ता के बेरोजगारी बीमा व्यवस्थापक के रूप में सेवा देने वाले व्यक्तियों सहित) एक लाइसेंस प्राप्त वकील या N.C. Gen. Stat. Ch. 84 and § 96-17(b) के अनुसार एक लाइसेंस प्राप्त वकील द्वारा पर्यवेक्षित व्यक्ति होना चाहिए। पर्यवेक्षण वकील की नोटिस और / या प्रमाणीकरण 04 N.C. Admin. Code 24C .0504 के अनुसार लिखित में होना चाहिए। **न्यायिक कार्यवाही में कानूनी प्रतिनिधित्व N.C. Gen. Stat. Ch. 84 के अनुपालन में होना चाहिए।**

04 N.C. Admin. Code 24C .0504 के अनुसार, जब एक पक्षकार का अपना एक कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त होता है, तो पक्षकार को भेजे जाने वाले सभी दस्तावेज या कोई सूचना केवल उसके कानूनी प्रतिनिधि को ही भेजा जाएगा। पक्षकार के कानूनी प्रतिनिधि को प्रदान की गई कोई भी जानकारी उसी प्रकार लागू और प्रभावी होगी, जैसे कि उसे सीधे पक्षकार को भेजा गया है।

**30** जून**, 2013** को या उसके बाद दायर किए गए दावों के लिए, दावेदार किसी भी प्रशासनिक या न्यायिक निर्णय जो कि बाद में अपील होने पर उलट जाती है, से प्राप्त लाभों के पुनर्भुगतान के तहत है। N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(2)।

**दावेदारों के लिए विशेष सूचना**: यदि आप अंतर्निहित दावे के संबंध में पहले से ही बेरोजगारी बीमा लाभ प्राप्त कर रहे थे या प्राप्त कर चुके हैं और यह उच्च प्राधिकरण निर्णय आपको ऐसे सभी लाभों या उसके एक हिस्से के अयोग्य या अपात्र घोषित करता है, तो अब आप N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(2) के अनुसार लाभों का अतिदेय भुगतान प्राप्त किए हुए हो सकते हैं। अगर इस उच्च प्राधिकरण निर्णय से अतिदेय भुगतान उत्पन्न होता है, आपको डिवीज़न के लाभों की अखंडता / लाभ भुगतान नियंत्रण अनुभाग से अतिदेय भुगतान या अति भुगतान निर्धारण की एक अलग सूचना भेजी जाएगी। अतिदेय भुगतान या अतिदेय भुगतान निर्धारण की सूचना अन्य बातों के अलावा, आपकी अतिदेय राशि और किसी भी प्रभावी दंड निर्दिष्ट करेगी। कृपया ध्यान दें कि अतिदेय भुगतान को आप केवल एक ही तरीके से चुनौती दे सकते हैं, वह है इस उच्च प्राधिकरण निर्णय की न्यायिक समीक्षा के लिए ऊपर दिए गए, और north carolina के कानून के अनुसार उच्चतर न्यायालय में एक याचिका दायर करना। अपनी याचिका में, आपको यह निर्दिष्ट करना होगा कि क्या आप (1) अयोग्यता या पात्रता के मुद्दे को चुनौती दे रहे हैं और / या (2) आप को प्राप्त हुए लाभों के परिणामी अतिदेय निर्धारण को चुनौती दे रहे हैं।

याचिका दायर: 

निर्णय प्रेषित किया गया: